भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौखिक प्रश्न सं. 196 #

गुरूवार, 6 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्वतीय एवं सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन अवसंरचना

196 # श्री महेंद्र भट्ट:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पर्वतीय एवं सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन अवसंरचना, सड़क संपर्क, मार्ग-संकेतक (वे-फाइंडिंग), पार्किंग, स्वच्छता तथा डिजिटल सुविधाओं के विकास की आवश्यकता है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा पर्वतीय एवं सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन अवसंरचना के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या 196 # के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): जी हां। सरकार विशेष रूप से पर्वतीय और सीमावर्ती राज्यों में, पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने और सड़क तथा अंतिम छोर तक संपर्क व्यवस्था, मार्ग-संकेतक, पार्किंग, स्वच्छता, डिजिटल संपर्क व्यवस्था सहित पर्यटकों से जुड़ी अन्य सुविधाओं में सुधार करने के महत्व को स्वीकार करती है, ताकि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके, स्थायी पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके और स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर सृजित किए जा सके।

इसके अलावा, पर्वतीय और सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन अवसंरचना, सड़क परिवहन संपर्क व्यवस्था, मार्ग-संकेतक, पार्किंग, स्वच्छता और डिजिटल सुविधाओं का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे 'स्वदेश दर्शन (एसडी')', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0')', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन के तहत एक पहल और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' आदि के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को, उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर, योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप तथा निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास और पर्यटन से जुड़े अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने हिमालयी विषय सहित चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत पहाड़ी तथा पर्वतीय क्षेत्रों सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना शुरू की थी और देश में 5295.24 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी।

स्थायी और ज़िम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से इस योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है और मंत्रालय ने इस पहल के तहत देश में 2207.08 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, मंत्रालय ने 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत एक पहल के तहत 1726.74 करोड़ रुपये की 54 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है और संस्कृति तथा विरासत, आध्यात्मिक पर्यटन, जीवंत ग्राम और पारिस्थितिकी पर्यटन तथा अमृत धरोहर स्थलों जैसी 4 श्रेणियों के तहत 687.99 करोड़ रुपये की 37 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सीबीडीडी पहल का प्राथमिक उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने और पर्यटन स्थलों को स्थायी तथा ज़िम्मेदार स्थलों के रूप में परिवर्तित करने के लिए गंतव्यों का समग्र विकास करना है। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक उप-योजना ने सीमावर्ती गांवों में पर्यटन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के साथ साझे प्रयास और समग्र गंतव्य विकास के माध्यम से जीवंत ग्राम कार्यक्रम को अपनी विषयगत श्रेणियों में से एक के रूप में भी चिह्नित किया है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करने तथा वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और विपणन करने के प्राथमिक उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत देश के 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

पर्वतीय और सीमावर्ती राज्यों सहित देश में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन स्थलों का विकास एक समग्र-सरकारी तंत्र के माध्यम से किया जाता है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की योजनाओं का साझा प्रयास शामिल है।

इसके अलावा, गृह मंत्रालय गांवों के विस्तृत विकास के लिए जीवंत ग्राम कार्यक्रम-I (वीवीपी-I) को लागू कर रहा है। इस कार्यक्रम के तहत, विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर 662 गांवों को चिह्नित किया गया है और गृह मंत्रालय द्वारा 3,065.32 करोड़ रुपये के परिव्यय से 1,248 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 316 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम के तहत, 134 सुदूरवर्ती गांवों को मौसम के अनुकूल सड़क परिवहन संपर्क व्यवस्था प्रदान करने के लिए 2,481.93 करोड़ रुपये के परिव्यय से 111 सड़क परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, 528 गांवों को 4जी मोबाईल कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है, 625 गांवों को पाईप से पेयजल आपूर्ति प्रदान की गई है और 621 गांवों में बिजली की सुविधा है। कार्यक्रम में ऑफ-ग्रिड सौर परियोजनाएं, माइक्रो-हाईडल परियोजनाएं, ऊर्जा वितरण अवसंरचना का संवर्धन, मोबाईल मेडिकल यूनिट और विद्यालय अवसंरचना भी शामिल हैं, ताकि सीमावर्ती गांवों के जीवनयापन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके और उन्हें पर्यटन के लिए तैयार किया जा सके।

राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के माध्यम से सड़क परिवहन और पर्यटन स्थलों तक सड़क परिवहन संपर्क व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान में, लगभग 7.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 27,300 किलोमीटर की 1,244 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इसमें पर्यटन और धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क व्यवस्था संबंधी परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनमें से लगभग 14,733 किलोमीटर का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।

*****

अनुबंध

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा पर्वतीय एवं सीमावर्ती राज्यों में पर्यटन अवसंरचना के संबंध में दिनांक 06.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या 196 # के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(i) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुभव/परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2016-17	लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप-बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का विकास	27.57
2.	आंध्र प्रदेश	2014-15	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अड्डुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास	67.83
3.	आंध्र प्रदेश	2015-16	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास	49.55
4.	आंध्र प्रदेश	2017-18	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास	35.24
5.	अरुणाचल प्रदेश	2014-15	भालुकपोंग - बोमडिला और तवांग का विकास	49.77
6.	अरुणाचल प्रदेश	2015-16	नफरा - सेप्पा - पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ - संगदूपोटा-न्यू सगाली - जीरो-योम्चा का विकास	96.72
7.	असम	2015-16	मानस - प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा - डिब्रू - सैखोवा का विकास	94.68
8.	असम	2016-17	तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास	90.98
9.	बिहार	2016-17	वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास	33.96
10.	बिहार	2016-17	कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास	44.76
11.	बिहार	2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18
12.	बिहार	2017-18	भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास	44.27
13.	बिहार	2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55

14.	छत्तीसगढ़	2015-16	जशपुर - कुनकुरी - मैनपाट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुर्दार - सरोधदादर - गंगरेल - कोंडागांव - नाथियानवागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास	96.10
15.	गोवा	2016-17	सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास	97.65
16.	गोवा	2017-18	तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला - कोलवा - बेनौलिम का विकास	99.35
17.	गुजरात	2016-17	अहमदाबाद - राजकोट - पोरबंदर - बारदोली - दांडी का विकास	59.17
18.	गुजरात	2016-17	वडनगर - मोढेरा का विकास	91.12
19.	गुजरात	2017-18	जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ - भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास	26.68
20.	हरियाणा	2016-17	कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास	77.39
21.	हिमाचल प्रदेश	2016-17	हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास	68.34
22.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	जम्मू - श्रीनगर - पहलगाम - भगवती नगर - अनंतनाग - सलामाबाद, उरी - कारगिल - लेह का विकास	77.33
23.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास	81.60
24.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण	90.43
25.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.99
26.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	अनंतनाग - पुलवामा - किश्तवर - पहलगाम - जांस्कर पदुम - दक्सुम - रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास	86.39
27.	जम्मू और कश्मीर	2016-17	गुलमर्ग - बारामूला - कुपवाड़ा - कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	96.75
28.	झारखंड	2018-19	इको पर्यटन परिपथ: दलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास	30.44
29.	केरल	2015-16	पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास	64.08
30.	केरल	2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास	46.54

31.	केरल	2016-17	श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास	78.08
32.	केरल	2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
33.	केरल	2018-19	शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42
34.	मध्य प्रदेश	2015-16	पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी- बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10
35.	मध्य प्रदेश	2016-17	सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02
36.	मध्य प्रदेश	2016-17	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.82
37.	मध्य प्रदेश	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76
38.	महाराष्ट्र	2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास	19.06
39.	महाराष्ट्र	2018-19	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास	45.47
40.	मणिपुर	2015-16	मणिपुर में पर्यटक परिपथ: इम्फाल -खोंगजोम का विकास	72.23
41.	मणिपुर	2016-17	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास	45.34
42.	मेघालय	2016-17	उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग - मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास	99.13
43.	मेघालय	2018-19	वेस्ट खासी हिल्स (नोंगखलाव- क्रेम तिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रीशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग- इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास	84.97
44.	मिजोरम	2015-16	थेनजोल और साउथ ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास	92.26
45.	मिजोरम	2016-17	इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास	66.37
46.	नागालैंड	2015-16	जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास	97.36
47.	नागालैंड	2016-17	मोकोकचुंग - तुएनसांग - मोन का विकास	98.14
48.	ओडिशा	2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास	70.82

49.	पुडुचेरी	2015-16	दुबरायापेट - अरिकामेडु - वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लावाडु/नरमबाई - मनापेट - कालापेट - पुडुचेरी - यानम का विकास	58.44
50.	पुडुचेरी	2017-18	फ्रेंको - तमिल गांव, कराईकल, माहे और यानम का विकास	49.44
51.	पुडुचेरी	2017-18	पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास	34.96
52.	पंजाब	2018-19	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास	85.32
53.	राजस्थान	2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01
54.	राजस्थान	2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80
55.	राजस्थान	2016-17	आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास	87.05
56.	राजस्थान	2017-18	विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास	70.61
57.	सिक्किम	2015-16	रंगपो (प्रवेश) - रोराथांग - अरितार - फादमचेन - नाथंग - शेराथांग - सोंगमो - गंगटोक - फोडोंग - मंगन - लाचुंग -युमथांग - लाचेन - थांगु - गुरुडोंगमेर - मंगन - गंगटोक - तुमिनलिंगी - सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	98.05
58.	सिक्किम	2016-17	सिंगटम-मका-टेमी - बेरमोइक टोकेल - फोंगिया - नामची - जोरथांग - ओखारे - सोम्बारिया - दारमदिन - जोरेथांग - मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास	95.32
59.	तमिलनाडु	2016-17	(चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13
60.	तेलंगाना	2015-16	महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास	91.62

61.	तेलंगाना	2016-17	मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास	79.87
62.	तेलंगाना	2017-18	कुतुबशाही विरासत पार्क-पैगाह मकबरे- हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास	96.90
63.	त्रिपुरा	2015-16	अगरतला - सिपाहीजला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेलकुंज - गंडाचरा - अंबासा का विकास	82.85
64.	त्रिपुरा	2018-19	सूरमाचेर्रा - उनाकोटी - जम्पुई हिल्स - गुनाबती - भुवनेश्वरी-नीरमहल - बॉक्सनगर - चोट्टाखोला - पिलक - अवांगचारा का विकास	44.83
65.	उत्तर प्रदेश	2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
66.	उत्तर प्रदेश	2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
67.	उत्तर प्रदेश	2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91
68.	उत्तर प्रदेश	2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51
69.	उत्तर प्रदेश	2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65
70.	उत्तर प्रदेश	2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
71.	उत्तर प्रदेश	2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
72.	उत्तर प्रदेश	2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30
73.	उत्तराखंड	2015-16	टिहरी झील और निकटवर्ती क्षेत्रों का नए गंतव्य के रूप में विकास के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास - जिला टिहरी	69.17
74.	उत्तराखंड	2016-17	कुमाऊं क्षेत्र में विरासत परिपथ - कटारमल - जोगेश्वर - बैजनाथ - देवीधुरा का एकीकृत विकास	76.32

75.	पश्चिम बंगाल	2015-16	तटीय परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप का विकास	67.99
76.	-	2018-19	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	17.50
कुल राशि				**5295.24**

(ii) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुभव/परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	आंध्र प्रदेश	2024-2025	सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास	97.52
2.	आंध्र प्रदेश	2023-2024	अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	29.88
3.	अरुणाचल प्रदेश	2023-2024	मेचुका सांस्कृतिक हाट	18.48
4.	अरुणाचल प्रदेश	2023-2024	मेचुका एडवेंचर पार्क	12.75
5.	अरुणाचल प्रदेश	2023-2024	अनलॉक नाचो अभियान	14.02
6.	असम	2023-2024	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	26.68
7.	असम	2023-2024	रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	23.88
8.	बिहार	2024-2025	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	165.44
9.	छत्तीसगढ़	2024-2025	भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा	146.00
10.	दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव	2024-2025	दमन कन्वेंशन सेंटर	147.13
11.	गोवा	2024-2025	पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस	24.07
12.	गोवा	2024-2025	कोलवा बीच एक्सपीरियंस	19.89
13.	हरियाणा	2024-2025	टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास	26.68
14.	हरियाणा	2024-2025	यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प	65.82
15.	हिमाचल प्रदेश	2025-2026	मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास	56.26
16.	कर्नाटक	2023-2024	ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन	18.48
17.	कर्नाटक	2023-2024	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन	2.72

18.	कर्नाटक	2023-2024	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	25.64
19.	केरल	2024-2025	अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड	93.18
20.	केरल	2024-2025	मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना	75.87
21.	केरल	2023-2024	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	13.81
22.	लद्दाख	2023-2024	जूले लेह जैव विविधता पार्क	23.17
23.	लद्दाख	2023-2024	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस	11.91
24.	लक्षद्वीप	2024-2025	बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास	81.18
25.	मध्य प्रदेश	2023-2024	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	27.22
26.	मध्य प्रदेश	2023-2024	फूलबाग एक्सपीरियंस जोन	16.74
27.	मध्य प्रदेश	2024-2025	पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास	44.24
28.	महाराष्ट्र	2024-2025	शिवसृष्टि थीम पार्क	75.47
29.	मेघालय	2023-2024	वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस	27.61
30.	मेघालय	2023-2024	मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस	32.45
31.	मिजोरम	2024-2025	केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस	38.85
32.	मिजोरम	2024-2025	विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई	33.87
33.	मिजोरम	2025-2026	सम्मेलन केंद्र का निर्माण	99.71
34.	नागालैंड	2024-2025	चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव	32.54
35.	नागालैंड	2024-2025	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस	7.87
36.	नागालैंड	2023-2024	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस	21.57
37.	पुदुचेरी	2023-2024	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस	20.3
38.	पंजाब	2024-2025	अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस	25.91
39.	पंजाब	2023-2024	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	19.56
40.	राजस्थान	2024-2025	श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य	87.87
41.	राजस्थान	2023-2024	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव	21.65
42.	राजस्थान	2025-2026	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य	22.58
43.	राजस्थान	2025-2026	मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास	48.73
44.	सिक्किम	2023-2024	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस	15.41
45.	सिक्किम	2023-2024	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	22.60
46.	तमिलनाडु	2023-2024	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	30.02
47.	तेलंगाना	2023-2024	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	38.01
48.	तेलंगाना	2023-2024	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	56.82

49.	त्रिपुरा	2024-2025	अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2)	48.95
50.	उत्तर प्रदेश	2023-2024	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	17.8
51.	उत्तर प्रदेश	2023-2024	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	14.52
52.	उत्तराखंड	2023-2024	टी गार्डन एक्सपीरियंस	19.89
53.	उत्तराखंड	2023-2024	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस	17.86
कुल				**2207.08**

(iii) चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**श्रेणी**	**अनुभव/परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1	आंध्र प्रदेश	संस्कृति एवं विरासत	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन	2024-2025	25.00
2	आंध्र प्रदेश	आध्यात्मिक	अहोबिलम मंदिर में एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम का विकास	2024-2025	25.00
3	अरुणाचल प्रदेश	जीवंत ग्राम कार्यक्रम	किभितो में किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार	2024-2025	4.96
4	अरुणाचल प्रदेश	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	बिचोम बांध स्थल पर बिचोम बांध साहसिक और इको-पर्यटन परियोजना	2024-2025	9.90
5	असम	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	शिवसागर में पानीदिहिंग पक्षी अभयारण्य	2024-2025	9.99
6	बिहार	संस्कृति एवं विरासत	सारण जिला में सोनपुर मेला स्थल का विकास	2024-2025	24.29
7	छत्तीसगढ़	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	मायाली बगीचा में मायाली बगीचा का इको-पर्यटन स्थल के रूप में विकास	2024-2025	9.97
8	गोवा	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	मायेम गाँव में हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यीकरण और विकास	2024-2025	9.81
9	गुजरात	संस्कृति एवं विरासत	वडनगर में शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: प्रकाश और संस्कृति	2024-2025	17.29
10	गुजरात	आध्यात्मिक पर्यटन	पोरबंदर में हरसिद्धि तट में पवित्र महासागर आश्रय स्थल	2024-2025	24.66

11	हिमाचल प्रदेश	संस्कृति एवं विरासत	काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास	2024-2025	24.82
12	हिमाचल प्रदेश	जीवंत ग्राम कार्यक्रम	रक्छम- जीवंत ग्राम में पर्यटन अवसंरचना विकास	2024-2025	4.96
13	झारखंड	आध्यात्मिक पर्यटन	रामरेखा धाम में पर्यटन अवसंरचना विकास	2024-2025	18.87
14	कर्नाटक	संस्कृति एवं विरासत	बीदर में बीदर का एक विरासत पर्यटन गंतव्य के रूप में विकास	2025-2026	25.00
15	केरल	संस्कृति एवं विरासत	वर्कला में वर्कला-दक्षिण काशी	2024-2025	25.00
16	केरल	आध्यात्मिक पर्यटन	थालास्सेरी में थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव	2024-2025	25.00
17	लद्दाख	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	मुश्कोह गांव में मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण	2024-2025	9.78
18	मध्य प्रदेश	आध्यात्मिक पर्यटन	ओरछा में ओरछा एक मध्यकालीन वैभव 2.0	2024-2025	25.00
19	मध्य प्रदेश	संस्कृति एवं विरासत	मांडू में मांडू-एक मध्यकालीन आश्चर्य	2025-2026	24.88
20	महाराष्ट्र	संस्कृति एवं विरासत	अहमदनगर में अहमदनगर किले का विकास	2024-2025	25.00
21	मणिपुर	संस्कृति एवं विरासत	मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास	2024-2025	24.69
22	मेघालय	आध्यात्मिक पर्यटन	नर्तियांग गांव में नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र	2024-2025	24.87
23	मेघालय	संस्कृति एवं विरासत	मावफलांग गांव में मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र	2024-2025	24.87
24	नागालैंड	आध्यात्मिक पर्यटन	इम्पुर गाँव में सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव	2024-2025	24.94
25	नागालैंड	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	दोयांग जलाश्य में विंग्स ओवर दोयांगः एक इको पर्यटन आश्रय स्थल	2024-2025	9.99
26	पुदुचेरी	संस्कृति एवं विरासत	व्हाइट टाउन में व्हाइट टाउन का विकास	2024-2025	22.19
27	पंजाब	आध्यात्मिक पर्यटन	विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब में शांति और सद्भाव का प्रतीक	2024-2025	24.90

28	पंजाब	संस्कृति एवं विरासत	हुसैनीवाला बॉर्डर में सांस्कृतिक और विरासत संबंधी विस्तार	2024-2025	25.00
29	सिक्किम	आध्यात्मिक पर्यटन	काबी में काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा	2024-2025	24.96
30	सिक्किम	जीवंत ग्राम कार्यक्रम	गनाथांग गाँव में वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव	2024-2025	5.00
31	तमिलनाडु	आध्यात्मिक पर्यटन	रामेश्वरम द्वीप में रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन	2024-2025	20.01
32	तेलंगाना	संस्कृति एवं विरासत	बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र का विकास	2024-2025	24.85
33	तेलंगाना	इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल	निज़ाम सागर में इको-पर्यटन परियोजना का विकास	2024-2025	9.98
34	उत्तर प्रदेश	संस्कृति एवं विरासत	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	2024-2025	24.98
35	उत्तराखंड	जीवंत ग्राम कार्यक्रम	जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास	2024-2025	4.99
36	उत्तराखंड	आध्यात्मिक पर्यटन	कैंचीधाम परिसर, कैंचीधाम का विकास	2024-2025	17.60
37	उत्तराखंड	जीवंत ग्राम कार्यक्रम	माना गांव में माना हाट	2024-2025	4.99
कुल					**687.99**

(iv) पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुभव/परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	आंध्र प्रदेश	2024-25	गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन	77.91
2.	आंध्र प्रदेश	2024-25	राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट)	94.44
3.	अरुणाचल प्रदेश	2024-25	पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट	46.48
4.	असम	2024-25	गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान	97.12
5.	असम	2024-25	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76
6.	बिहार	2024-25	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61

7.	बिहार	2024-25	करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51
8.	छत्तीसगढ़	2024-25	रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
9.	छत्तीसगढ़	2024-25	रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87
10.	गोवा	2024-25	पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय	97.46
11.	गोवा	2024-25	पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर	90.74
12.	गुजरात	2024-25	केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य	99.50
13.	गुजरात	2024-25	धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर	51.56
14.	झारखंड	2024-25	कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास	34.87
15.	कर्नाटक	2024-25	रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र	99.17
16.	कर्नाटक	2024-25	बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास	100.00
17.	केरल	2024-25	कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र	59.71
18.	केरल	2024-25	सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे	95.34
19.	मध्य प्रदेश	2024-25	ओरछा एक मध्यकालीन वैभव, ओरछा	99.92
20.	मध्य प्रदेश	2024-25	भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38
21.	महाराष्ट्र	2024-25	सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन	46.91
22.	महाराष्ट्र	2024-25	नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14
23.	मणिपुर	2024-25	लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस	89.48
24.	मेघालय	2024-25	मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना	99.27
25.	मेघालय	2024-25	शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास	99.27
26.	ओडिशा	2024-25	हीराकुंड का विकास	99.90
27.	ओडिशा	2024-25	सतकोसिया का विकास	99.99
28.	पंजाब	2024-25	एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास	53.45
29.	राजस्थान	2024-25	जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास	49.31
30.	राजस्थान	2024-25	जयपुर में जल महल का विकास	96.61
31.	सिक्किम	2024-25	नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग	97.37
32.	सिक्किम	2024-25	नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस	68.19
33.	तमिलनाडु	2024-25	मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास	99.67
34.	तमिलनाडु	2024-25	ऊटी में रेस कोर्स में इको पार्क	70.23

35.	तेलंगाना	2024-25	रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ	73.74
36.	तेलंगाना	2024-25	नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट	68.10
37.	त्रिपुरा	2024-25	गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क	97.70
38.	उत्तर प्रदेश	2024-25	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05
39.	उत्तर प्रदेश	2024-25	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24
40.	उत्तराखंड	2024-25	प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन	100.00
कुल				**3295.76**

(v) तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**राज्य**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	आंध्र प्रदेश	2015-16	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास	27.77
2.	आंध्र प्रदेश	2017-18	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08
3.	आंध्र प्रदेश	2022-23	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम	54.04
4.	आंध्र प्रदेश	2024-25	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास	25.33
5.	अरुणाचल प्रदेश	2020-21	परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास	37.88
6.	असम	2015-16	गुवाहाटी में और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थलों का विकास	29.80
7.	बिहार	2015-16	पटना साहिब का विकास	29.62
8.	बिहार	2014-15	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	3.63
9.	बिहार	2024-25	अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास	13.29
10.	छत्तीसगढ़	2020-21	डोंगरगढ़, राजनंदगांव जिला, छत्तीसगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास	48.44
11.	गोवा	2024-25	बोम जीसस बेसिलिका का विकास	16.46
12.	गुजरात	2016-17	द्वारका का विकास	10.46
13.	गुजरात	2016-17	सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	45.36
14.	गुजरात	2018-19	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	47.12

15.	गुजरात	2022-23	बनासकांठा, गुजरात में अंबाजी मंदिर में तीर्थ यात्रा सुविधाओं का विकास	50.00
16.	हरियाणा	2019-20	पंचकुला जिले में माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	48.53
17.	जम्मू एवं कश्मीर	2016-17	हजरतबल दरगाह, श्रीनगर का विकास	40.46
18.	झारखंड	2018-19	बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास	36.79
19.	कर्नाटक	2023-24	मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	45.38
20.	कर्नाटक	2024-25	रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास	18.37
21.	कर्नाटक	2024-25	बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	22.25
22.	केरल	2016-17	गुरुवायूर मंदिर का विकास	45.19
23.	मध्य प्रदेश	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99
24.	मध्य प्रदेश	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93
25.	महाराष्ट्र	2017-18	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	45.41
26.	मेघालय	2020-21	मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	29.29
27.	मिज़ोरम	2022-23	मिज़ोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	44.89
28.	मिज़ोरम	2024-25	चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास	5.47
29.	नागालैंड	2018-19	नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	25.20
30.	नागालैंड	2022-23	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	18.18
31.	ओडिशा	2014-15	मेगा परिपथ के अंतर्गत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देमुली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास	50.00
32.	पुडुचेरी	2024-25	श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास	25.94
33.	पंजाब	2015-16	अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40
34.	पंजाब	2021-22	चमकौर साहिब, रोपड़, पंजाब का विकास	30.52
35.	राजस्थान	2015-16	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	32.64
36.	सिक्किम	2020-21	युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	33.32
37.	तमिलनाडु	2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99

38.	तमिलनाडु	2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86
39.	तमिलनाडु	2024-25	8 नवग्रह मंदिरों का विकास	40.94
40.	तेलंगाना	2020-21	जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास	38.90
41.	तेलंगाना	2022-23	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	62.00
42.	तेलंगाना	2022-23	भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	41.38
43.	तेलंगाना	2024-25	देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास	4.22
44.	त्रिपुरा	2020-21	त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास	34.43
45.	उत्तर प्रदेश	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73
46.	उत्तर प्रदेश	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	10.98
47.	उत्तर प्रदेश	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02
48.	उत्तर प्रदेश	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36
49.	उत्तर प्रदेश	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण II	44.60
50.	उत्तर प्रदेश	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59
51.	उत्तराखंड	2015-16	केदारनाथ का एकीकृत विकास	34.77
52.	उत्तराखंड	2018-19	बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	56.15
53.	उत्तराखंड	2021-22	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि	54.36
54.	पश्चिम बंगाल	2016-17	बेलूर मठ का विकास	30.03
कुल				**1726.74**

*****